# अवैध खनन पर एक्शन, किए 1300 चालान

## कार्रवाई कर 20 करोड़ से अधिक का लगाया जुर्माना

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (12 Oct.):** खनन विभाग अवैध खनन, भंडारण और परिवहन को लेकर लगातार एक्शन मोड में है. छुट्टी के दिन भी कार्रवाई ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है. खनन माफिया पर किस तरह शिकंजा कसा जा रहा है. इस बात का अंदाजा इस बात से लगाय जा सकता है कि खनन विभाग की टीम ने पिछले दो साल में 1300 वाहनों का चालान किया. साथ ही 190 करोड़ की आय भी अर्जित की. इधर संडे को जिला खान अधिकारी नवीन सिंह के नेतृत्व में खनन विभाग की टीम ने तहसील विकासनगर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन परिवहन के विरूद्ध छापेमारी की. इस कार्यवाही के दौरान टौंस एवं आसन नदी में कई वाहनों को अवैध खनन में लिप्त पाया गया.



चालानी कार्रवाई के दौरान खनन विभाग की टीम.

### खनन माफिया के खिलाफ केस

जिला खान अधिकारी देहरादून नवीन सिंह द्वारा बताया गया कि अवैध खनन परिवहन की शिकायत प्राप्त होने पर आकस्मिक छापेमारी की गई. उन्होंने बताया कि अवैध खनन करने वालों पर केवल चालानी कार्रवाई ही नहीं की गई है, बल्कि 5 वाहन मालिकों के विरुद्ध मुक़दमे भी दर्ज किए जा रहे हैं. लगातार कार्रवाई से खनन माफिया हड़कंप में है. रविवार को की गई कार्रवाई में विभागीय टीम में कुमेर सलाल, पंकज चंद, आशीष गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे.

### 20 करोड़ का जुर्माना लगाया

आंकडों पर नजर डालें तो देहरादून जिले को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 118 करोड़ रुपये का टारगेट दिया गया था, जिसके सापेक्ष 190 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया गया. इसी तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 में व चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 तक यानि 18 महीने में 1300 से अधिक वाहनों का चालान किया गया. इस हिसाब से हर महीने 70 से 80 वाहनों का चालान किया जा रहा है. अवैध खनन व परिवहन पर 20 करोड़ से अधिक का जुर्माना लगाया गया है. वित्तीय पिछले वित्तीय वर्ष में जिला स्तर पर खनन विभाग की ओर से 700 से अधिक वाहनों पर जुर्माना की कार्रवाई की गई. जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनन विभाग को सिर्फ़ 34 करोड़ का राजस्व हासिल हुआ था, जो बढ़कर 190 करोड़ तक चला गया है. यह खनन विभाग की बड़ी उपलब्धि है.

### ताबड़तोड़ कार्रवाई

खनन विभाग बिना अनुमति के उपखनिजों का भंडारण कर रहे भण्डारणों पर कड़ी कार्रवाई कर रहा है. बिना अनुमति के भंडारित उपखनिज को ज़ब्त किया गया. जिला खान अधिकारी ने बताया कि बिना विभागीय अनुमति के चल रहे अवैध उप खनिज भंडरणों पर भी लगातार कार्रवाई जारी है. उन्होंने कहा कि इससे पूर्व में भी ऐसी कार्रवाई की गई थी और भण्डारण करने वालों के अनुरोध पर उन्हें प्रमिशन लेने का समय भी दिया गया, लेकिन उसके बावजूद भी कुछ लोगों ने अनुमति नहीं ली गई, ऐसे अवैध खनन कारोबारियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा रहा है. बताया, ये कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.



अवैध खनन, ट्रांसपोर्टेशन और भंडारण पर लगातार खनन विभाग की टीम कार्रवाई रही है. अवैध खनन को किसी भ सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा. खनन के अवैध कारोबार पर अब जुर्माने के साथ मुकदमें भी दर्ज किए जा रहे हैं. भविष्य में अभियान को और तेज किया जाएगा.

-नवीन सिंह, जिला खनन अधिकारी